सम्पादक– ज़ाहिद हुसैन
सह– सम्पादक– शाकिर हुसैन
मोबाइल नं०:– 9368293483
email: Samacharsutranews@gmail.com
samacharsutranews.com
सोमवार को प्रकाशित

हम हैं जनता की आवाज़
RNI/PRGI REG No. :- UPHIN/25/A0972

# समाचार–सूत्र

सोमवार को प्रकाशित
हिन्दी साप्ताहिक समाचार–पत्र

वर्ष – 01 | अंक 52 | मुरादाबाद 06 जुलाई 2026 | पृष्ठ – 04 | मूल्य 2/–रू०

## पीएम मोदी का ऐलान: 'मेक इन इण्डिया' का अगला चरण अब सेमीकंडक्टर क्रांति, विकसित भारत का रोडमैप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई को गुजरात के साणंद में सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (OSAT) सुविधा का उद्घाटन किया। यह सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में भारत की बढ़ती प्रगति और ग्लोबल चिप प्रोडक्शन हब बनने की उसकी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि यह सुविधा जल्द ही अपने प्रोडक्शन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि अब से यहां हर साल 20 करोड़ (200 मिलियन) चिप्स का प्रोडक्शन होगा। मुझे पूरा भरोसा है कि आप इसे जल्द ही हासिल कर लेंगे। यह भरोसा इस बात से भी आता है कि 'सेमीकॉन इंडिया' प्रोग्राम तेजी से आगे बढ़



रहा है। कदम-दर-कदम, ईंट-दर-ईंट और अब चिप-दर-चिप। हमने हर साल 50 करोड़ (500 मिलियन) चिप्स बनाने का लक्ष्य रखा है। मुझे यकीन है कि आप बहुत जल्द यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। पीएम मोदी ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल बनाने और एक्सपोर्ट करने वाले देश के तौर पर भारत की स्थिति पर जोर दिया और बताया कि 2014 से इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट में कितनी बड़ी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बनाने वाला और दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपोर्ट करने वाला देश है। आज भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्शन 2014 के मुकाबले लगभग 7 गुना बढ़ गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स का एक्सपोर्ट लगभग 11 गुना बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने भारत में सेमीकंडक्टर की ग्रोथ को एक दशक से चल रही इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का हिस्सा बताया। यह सफर तैयार प्रोडक्ट्स से शुरू होकर कंपोनेंट्स और अब सेमीकंडक्टर तक पहुँचा है, जिसका मकसद देश में ही पूरी इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन को विकसित करना है। उन्होंने इस नजरिए को विकसित भारत के रोडमैप और श्मेक इन इंडियाश पहल के अगले चरण का अहम हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने समझाया कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का विस्तार अचानक नहीं हुआ। यह उस इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का अगला कदम है जो पिछले एक दशक में भारत में आई है। पहले प्रोडक्ट, फिर कंपोनेंट्स और अब सेमीकंडक्टर। यानी इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी 'वैल्यू चेन' भारत में होगी। यही विकसित भारत का रोडमैप है।

## बगावत के बीच ममता बनर्जी ने खुद संभाली वैस्ट बंगाल टीएमसी की कमान

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 4 जुलाई को घोषणा की कि उन्होंने पार्टी की पश्चिम बंगाल राज्य इकाई के अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। उन्होंने मदन मित्रा और कुणाल घोष को भी राज्य समिति में महासचिव के तौर पर शामिल किया। एक वीडियो मैसेज में बनर्जी ने कहा कि ।प्ज्ब की चेयरपर्सन के तौर पर, मैं घोषणा करती हूं कि आज से मैं पश्चिम बंगाल राज्य TMC प्रेसिडेंट की भूमिका भी संभालूंगी। पार्टी कमेटी में दो और लोगों मदन मित्रा और कुणाल घोष को शामिल किया गया है। दोनों को इस कमेटी का जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। यह घोषणा पार्टी के अंदरूनी झगड़ों और ऐसी खबरों के बाद की गई है कि रिताब्रता बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट ने पार्टी मुख्यालय पर कब्जा कर लिया है।



इस दौरान, पश्चिम बंगाल TMC अध्यक्ष और पूर्व मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। ममता बनर्जी को लिखे अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि वह जून 2026 में उन्हें सौंपे गए राज्य अध्यक्ष के पद से हट रही हैं।

## बेवफा पार्टनर की अब खैर नहीं! शादी के बाद अब 'राइट टू प्राइवेसी' की आड़ में नहीं छिपा सकेंगे अफेयर

सुप्रीम कोर्ट ने 2 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को सही ठहराया जिसमें कहा गया था कि वैवाहिक मामलों में व्यभिचार (adultery) का आरोप साबित करने के लिए होटल बुकिंग रिकॉर्ड और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) मंगाने का आदेश देना निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट के 10 मई, 2023 के फैसले को बरकरार रखा। हाई कोर्ट ने एक पति की उस चुनौती को खारिज कर दिया था जिसमें उसने फैमिली कोर्ट के उस आदेश का विरोध किया था, जिसके तहत जयपुर के एक होटल से रिकॉर्ड (जहाँ उस पर दूसरी महिला के साथ ठहरने का आरोप था) और उसके दो मोबाइल नंबरों के CDR मंगाने को कहा गया था। पूर्व जस्टिस रेखा पल्ली की अध्यक्षता वाली हाई कोर्ट बेंच ने कहा था कि हालाँकि निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, लेकिन यह असीमित नहीं है और व्यापक जनहित में जरूरत पड़ने पर इस पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। हाई कोर्ट ने कहा था, हिंदू मैरिज एक्ट में व्यभिचार को तलाक का आधार माना गया है। इसलिए, यह बिल्कुल भी जनहित में नहीं होगा कि कोर्ट निजता के अधिकार के आधार पर ऐसे शादीशुदा व्यक्ति की मदद करे, जिस पर शादी के दौरान ही किसी दूसरी महिला के साथ यौन संबंध बनाने का आरोप हो। यह विवाद एक महिला द्वारा दायर तलाकध्की अर्जी से शुरू हुआ था, जिसमें उसने अपने पति पर क्रूरता और व्यभिचार का आरोप लगाया था। पत्नी के अनुसार, उसका पति जयपुर के एक होटल में एक दूसरी महिला



और उसकी बेटी के साथ ठहरा था। उसने होटल के बुकिंग रिकॉर्ड और पति के कॉल डिटेल रिकॉर्ड मंगाने की मांग की थी और तर्क दिया था कि व्यभिचार के आरोप को साबित करने के लिए ये जरूरी हैं। पति ने इस मांग का विरोध करते हुए कहा कि ऐसे रिकॉर्ड मंगाने से न केवल उसके निजता के अधिकार का, बल्कि दूसरी महिला के निजता के अधिकार का भी उल्लंघन होगा। उसने तर्क दिया कि रिकश्र्वर्ड का खुलासा करने से उस महिला की प्रतिष्ठा पर सवाल उठेंगे और उसकी नाबालिग बेटी की वैधता और पितृत्व पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया और कहा कि व्यभिचार (adultery) का सीधा सबूत शायद ही कभी मिलता है और वैवाहिक अदालतों को अक्सर परिस्थितिजन्य सबूतों पर निर्भर रहना पड़ता है। कोर्ट ने कहा कि होटल के रिजर्वेशन रिकश्र्वर्ड, पेमेंट की जानकारी और वहां रुके लोगों के पहचान पत्र से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या पति वास्तव में अपनी पत्नी के अलावा किसी अन्य महिला के साथ उसी कमरे में रुका था। इसी तरह, कॉल रिकॉर्ड से यह पता चल सकता है कि उनके बीच बातचीत की आवृत्ति और अवधि पत्नी के आरोपों के अनुरूप थी या नहीं।



दीपक कुमार (विश्नोई)
(एडवोकेट)
कानूनी सलाहकार
समाचार सूत्र न्यूज
मोबाइल नंबर:
9411071921















## सम्पादकीय

### नजर आ रहे खतरे से बचाव नहीं, भूकंप से कैसे बचाएंगी सरकारें

वेनेजुएला में एक मिनट के अंदर दो बड़े विनाशकारी भूकंप में करीब दो हजार लोगों की मौत हो गई। इस प्रा तिक आपदा में करीब 10 हजार लोग घायल हो गए। बगैर किसी चेतावनी के आने वाली भूकंप जैसी आपदाएं सरकारों को चेताती हैं कि पहले से बचाव के उपाए किए जाएं, ताकि कम से कम जानमाल का नुकसान हो सके। भूकंप का खतरा भारत मे भी है। देश के कई हिस्सों में कई बार शक्तिशाली भूकंपों ने भारी तबाही मचाई है। सवाल यह है कि पूर्व में आए इन भूकंपों से देश की सरकारों ने कोई सबक सीखा है। क्या देश में ऐसे इंतजाम किए गए हैं कि भूकंप आने पर कम से कम जानमाल का नुकसान हो। दरअसल भारत के राजनीतिक दलों और सरकारों से किसी भी प्रा तिक आपदा से पहले और बाद में बचाव की ज्यादा उम्मीदें नहीं की जा सकती हैं। कारण साफ है



केंद्र और राज्यों की सरकारों को सामने स्पष्ट नजर आते हुए खतरों से लोगों को बचाने का कोई इंतजाम नहीं हो, वे भूकंप जैसे छिपे हुए खतरों से कैसे बचाएंगे। दिल्ली के बाद लखनउ में आग से 15 लोगों की मौत हो गई। ऐसी लाखों इमारतें अकेले उत्तर प्रदेश में हैं, जिनमें आग से बचाने के कोई उपाय नहीं किए गए हैं। जब दिल्ली में आग लगी तभी राज्यों की सरकारों को सतर्क हो जाना चाहिए था। लेकिन सरकारों ने लोगों की जान की परवाह नहीं की। अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में आग ने पांच-छह मरीजों को लील लिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के नोएडा और फिर मध्य प्रदेश के इंदौर में आग ने फ्लैट और शोरूम खाक कर दिए। तीन दिन में आग की चार भयानक घटनाओं ने लोगों को डरा दिया है और करीब 26 लोगों की जलकर या काले धुएं की चपेट में आकर मौत हो गई है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर के अनुमानों के अनुसार, वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्रों के 60 प्रतिशत से अधिक छोटे और मध्यम भवन बिना वैध फायर एनओसी के चल रहे हैं। देश भर में दमकल केंद्रों में 97.5 प्रतिशत, दमकल कर्मियों में 96.2 प्रतिशत और अग्निशमन उपकरणों में लगभग 80 प्रतिशत तक की कमी है। देश के लगभग हर बड़े शहर में सुरक्षा नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। यह खतरा ऐसा है, जो साफ दिखाई देता है। इससे बचाव के शत प्रतिशत इंतजाम भी किए जा सकते हैं। इसके बावजूद राज्यों और केंद्र ने पूर्व में हुए ऐसे हादसों से सबक नहीं सीखा। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है, सामने स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहे खतरे से निपटने में सरकारें नाकाम हैं तो भूंकप जैसी अचानक आने वाली आपदा और उसके भयावह रूप से सरकारें कैसे निपटेंगी। जबकि भूगर्भ वैज्ञानिक साफ चेता चुके हैं कि देश के कितने हिस्सों में कभी भी भीषण भूकंप आ सकता है। पिछले दो दशकों में देश में 10 बड़े भूकंप आए हैं, जिनमें 20,000 से अधिक लोगों की जान गई है।

नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ इमारतें भूकंपीय क्षेत्र 4 और 5 में आती हैं। इनमें से कई इमारतें 30-40 साल पहले बनी थीं और इनमें से कई इमारतें नेशनल बिल्डिंग कोड्स का पालन नहीं करती हैं। भूकंप संभावित क्षेत्रों में जोन-1 में भूकंप आने की आशंका सबसे कम रहती है, वहीं जोन-5 में ज्यादा प्रबल रहती है। दिल्ली-एनसीआर का इलाका सीस्मिक जोन-4 में आता है और यही वजह है कि उत्तर भारत के इस क्षेत्र में सीस्मिक गतिविधियाँ तेज रहती हैं। भूगर्भ विशेषज्ञों ने भारत के कब्रीब 59: भू-भाग को भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में वर्गी त किया है। जानकार सीस्मिक जोन-4 में आने वाले भारत के सभी बड़े शहरों की तुलना में दिल्ली में भूकंप की आशंका ज्यादा बताते हैं।

## तालाब में जहरीला पदार्थ डालने का आरोप, मछलियां मरी

रामपुर। अजीमनगर थाना क्षेत्र में रंजिशन तालाब में जहरीला पदार्थ डाल दिया। कुछ देर के बाद सैकड़ो की तादाद में मछलियां मर गई। पीड़ित के सामने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।मामला थाना क्षेत्र के दौकपुरी टांडा स्थित एक तालाब का है। भोट बक्काल निवासी शत्रु दौकपुरी टांडा के मस्जिद वाले तालाब में काफी दिनों से मछली पालने का कार्य करता है। ग्राम समाज के तालाब को किसान ने ठेके पर ले रहा है। मौजूदा समय में तालाब के अंदर हजारों की तादाद में मछलियां थी। 2 दिन पूर्व किसी शरारती व्यक्ति ने तालाब के अंदर जहरीला पदार्थ डाल दिया।

अगले दिन सुबह तालाब की काफी सारी मछलियां मर गई। पीड़ित किसान ने तालाब किनारे सैंकड़ो मछलियों को मरा देखा तो उसके होश उड़ गए। तालाब में मछलियां देखने के लिए लोगों की भीड़ लगने लगी। थाने पहुंचे पीड़ित किसान में मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## पंखे में उतरे करंट से महिला झुलसी

रामपुर। बिलासपुर में बेड के पास रखे फर्राटा पंखे की दिशा बदल रही महिला करंट की चपेट में आकर झुलस गई। गंभीर हालत में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। केमरी थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर पूर्व चिड़ियाखेड़ा निवासी किसान शफीक अहमद ने बताया कि शुक्रवार रात उनकी पत्नी कमरे में थीं। बेड के पास खड़े फर्राटा पंखे की दिशा अपनी ओर घुमाने के दौरान वह पंखे में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। महिला को तड़पता देख परिजनों ने किसी तरह बचाया और 108 एंबुलेंस से रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

सीएचसी के डॉ. एसके व्यास ने बताया कि महिला को काफी तेज करंट लगा था। हालत गंभीर होने की वजह से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।

## विवाहिता को दहेज के लिए पीटा और घर से निकाला,नौ पर रिपोर्ट

टांडा। दहेज में दस लाख रुपये की नकदी और एक स्कार्पियो गाड़ी की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता ने आरोपी पति सहित ससुराल पक्ष के नो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम रूपापुर निवासी मीनू का विवाह सात साल पहले हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पीपली नायक निवासी सोमपाल संग हुआ था। विवाहिता के माता पिता ने दान दहेज में काफी उपहार दिया था। परंतु ससुराल पक्ष के लोग मिले दान दहेज से कतई खुश नहीं थे। गांव पीपली नायक निवासी पति सोमपाल, ससुर श्रीराम सिंह, सास माया देवी, जेठ अशोक कुमार, जेठानी अर्चना देवी, नन्द सुशीला देवी, ननदोई घनश्याम सिंह, नन्द चंचल देवी ननदोई अरविंद सिंह सहित सभी लोग विवाहिता को कम दहेज लाने का ताना देकर परेशान करते थे। विवाहिता के मना करने पर सभी लोग बुरी तरह से मारपीट करते थे। इसी वजह से विवाहिता ने अपनी ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## कोयला कारोबारी के 6.50 लाख हड़पे

रामपुर। केमरी में धोखाधड़ी कर कोयला व्यापारी से करीब साढ़े छह लाख रुपये हड़पने में असम निवासी एक युवक फंस गया है। पीड़ित की शिकायत व कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। केमरी के मोहल्ला मजुल्लानगर निवासी नवी हसन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले करीब तीस साल से वह कोयला खरीदकर ईंट भट्ठों में बेचता है। इसी दौरान उसके संबंध असम के हौजाई जनपद के लंका निवासी पार्था प्रतिम सरकार से हो गए थे। जिससे उसने पहले भी कोयला खरीदा था। बीस फरवरी 2025 को पार्था प्रतिम सरकार से उसका छह लाख 44 हजार रुपये में एक ट्रक कोयले का सौदा तय हुआ था। जिसकी सारी रकम भी उसने आनलाइन पेमेंट से अदा कर दी थी। काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे कोयला भी नहीं भेजा तथा उसकी पेमेंट भी वापस नहीं की। जिसके बाद उसने फोन किया तो आरोपी द्वारा गाली गलौज कर कोयला देने व पेमेंट वापस करने से इन्कार कर दिया। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। जिस पर न्यायालय ने थाना पुलिस को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चौराहे पर चलती बाइक से कूदकर नवविवाहिता प्रेमी संग फरार

रामपुर। अजीमनगर थाना क्षेत्र में किसी सस्पेंस फिल्म की स्क्रिप्ट जैसा एक बेहद चौंकाने वाला वाकया सामने आया है। यहां एक नवविवाहिता ने बीच चौराहे पर चलती बाइक से छलांग लगा दी। जब तक पति और महिला का भाई कुछ समझ पाते या बाइक रोकते, तब तक महिला पहले से इंतजार में खड़े अपने प्रेमी की बाइक पर बैठकर भाग हो चुकी थी। बीच सड़क पर हुए इस हाईवोल्टेज ड्रामे को देखकर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। पीड़ित पति ने तत्काल इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी में दर्ज कराई है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद नगर शुमाली निवासी एक युवक का विवाह करीब 6 महीने पहले उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर स्थित गणेशपुर निवासी एक युवती के साथ हुआ था। शादी के बाद से सब कुछ सामान्य चल रहा था और पिछले कुछ दिनों से नवविवाहिता अपनी ससुराल मोहम्मद नगर में ही रह रही थी।

शनिवार सुबह विवाहिता का सगा भाई अपनी बहन को लेने के लिए गणेशपुर (मायके) से मोहम्मद नगर शुमाली आया था। इसके बाद तय हुआ कि पति भी अपनी पत्नी को मायके छोड़ने जाएगा। शनिवार देर शाम पति अपनी पत्नी और साले को बाइक पर बैठाकर गणेशपुर के लिए रवाना हुआ। तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर हंसी-खुशी घर से निकले थे।

बाइक सवार तीनों लोग जैसे ही अजीमनगर क्षेत्र के व्यस्त मुरसैना चौराहे पर पहुंचे, वहां अचानक पूरा घटनाक्रम बदल गया। दरअसल, नवविवाहिता का प्रेमी इस पूरे प्लान से पहले से वाकिफ था और वह चौराहे पर अपनी बाइक स्टार्ट कर तैयार खड़ा था।

जैसे ही पति की बाइक मुरसैना चौराहे के पास धीमी हुई, पीछे बैठी पत्नी ने पलक झपकते ही चलती बाइक से नीचे छलांग लगा दी। अचानक पत्नी के कूदने से बाइक डगमगा गई। पति ने बमुश्किल खुद को और साले को संभालते हुए सड़क के किनारे बाइक को रोका।

पति और भाई कुछ समझ पाते और बाइक खड़ी करते, तब तक विवाहिता दौड़कर अपने प्रेमी की बाइक पर पीछे बैठ गई और दोनों पल भर में आंखों से ओझल हो गए। बीच सड़क पर पति और भाई जोर-जोर से शोर मचाते रह गए, जिसे सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीरों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। इसके बाद बदहवास पति और भाई ने बाइक से प्रेमी का पीछा किया और आसपास के रास्तों पर काफी दूर तक दौड़ लगाई। लेकिन दोनों का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

काफी खोजबीन के बाद जब सफलता नहीं मिली, तो पीड़ित पति अपने साले को साथ लेकर स्थानीय पुलिस चौकी पहुंचा। पीड़ित ने पुलिस को पूरे घटनाक्रम की लिखित जानकारी देते हुए मामले की शिकायत की है। मोहम्मदपुर शुमाली गांव निवासी एक युवक ने पत्नी के बाइक से कूद कर भाग जाने की शिकायत की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## तेंदुए ने बाइक सवार युवक पर किया हमला, दहशत में ग्रामीण

मसवासी। क्षेत्र में तेंदुए की दहशत लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार सुबह जमना-जमनी गांव के पास गन्ने के खेत से अचानक निकले तेंदुए ने खेत जा रहे बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया। युवक किसी तरह बच निकला और शोर मचाने पर आसपास मौजूद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। तब तक तेंदुआ जंगल की ओर भाग चुका था। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। ग्रामीण खेतों में जाने से कतरा रहे हैं और बच्चों व मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। जमना-जमनी गांव निवासी साबी सिंह शनिवार सुबह बाइक से खेत जा रहे थे।

रास्ते में गन्ने के खेत से अचानक निकले तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हमले से वह बाइक समेत गिर पड़े। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। सूचना मिलने पर वन विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश राम टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर तेंदुए की तलाश में कांबिंग कराई।साबी सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले तेंदुआ उनके भाई परमीत सिंह के पालतू कुत्ते को भी उठा ले गया था। इससे पहले 21 और 22 जून को बेलवाड़ा गांव के पास ग्रामीणों ने मादा तेंदुए को दो शावकों के साथ देखा था। वहीं 24 जून को सीतारामपुर के पास दो ग्रामीणों पर भी तेंदुए ने हमला किया था, हालांकि दोनों सुरक्षित बच गए थे। लगातार सामने आ रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है। वन विभाग ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। पिंजरा लगाने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है और लोगों से अकेले खेतों में न जाने तथा सतर्क रहने की अपील की गई है।

## डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

रामपुर। स्वार रोड पर गुरुवार देर रात बेकाबू डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर का चालक घायल हो गया। पुलिस ने घायल चालक को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के करनपुर पेट्रोल पंप के पास हुआ। करनपुर गांव निवासी किसान ओम सिंह गुरुवार दिन रात खेत से ट्रैक्टर लेकर वापस घर आ रहा था। जैसे ही किसान स्वार रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे डंपर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। ट्रैक्टर चला रहा चालक कूदने में घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भागने में कामयाब रहा। हादसे की सूचना मिलते ही तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घायल किस को पास के ही किसी चिकित्सक को दिखाकर दवा दिलाई गई। गनीमत यह रही चालक ट्रैक्टर के नीचे नहीं आया वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, तहरीर

रामपुर। गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए स्वार कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के दौरान घर में रखी करीब पचास हजार रुपए की नगदी और सोने-चांदी के कुछ जेवरात भी गायब हो गए। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू की है। अभी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। स्वार कोतवाली प्रभारी अनुपम शर्मा का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई होगी।

## साढ़े छह लाख की धोखाधड़ी करने में एक पर केस

केमरी। कस्बे के एक व्यक्ति से धोखाधड़ी कर साढ़े छह लाख रूपये हड़पने में असम निवासी पार्था प्रतिम सरकार के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। कस्बे के मोहल्ला मजुल्लानगर निवासी नवी हसन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह कोयला का कारोबार करता है। आसाम के हौजाई जनपद के लंका निवासी पार्था प्रतिम सरकार से उसकी अच्छी जान पहचान हो गई थी। जिससे उसने पहले भी कोयले का कारोबार किया था। इस दौरान 20 फरवरी 2025 को उसका पार्था प्रतिम सरकार से 6 लाख 44 हजार रूपये में एक ट्रक कोयले का सौदा तय हुआ था। जिसका सारा पैसा उसने आनलाइन पेमेंट के माध्यम से उसको अदा कर दिया था। काफी समय बीत जाने के बाद उसने उसे कोयला भी नहीं भेजा और न ही उसके पैसे वापस किए। आरोप है कि उसने फोन किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज की व उसके पैसे वापस देने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइक सवार दंपति को कैंटर ने रौंदा,पत्नी की मौत

सैदनगर। स्वार रोड पर बाइक सवार दंपति को कैंटर ने रौंद डाला। हादसे में पत्नी की मौत जबकि पति घायल हो गया। पत्नी पति के साथ बाइक से अपने मायके जा रही थी और हादसे का शिकार हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

हादसे की खबर से घर में कोहराम मचा हुआ है। हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के मुरसैना चौकी स्थित संकल्प स्कूल के पास हुआ। भोट बक्काल निवासी पवन शर्मा की शादी 6 माह पूर्व टांडा निवासी खुशबू शर्मा के साथ हुई थी। शनिवार शाम करीब 6 बजे पति अपने पति के साथ बाइक से अपने मायके टांडा जा रही थी। दंपति जैसे ही स्वार रोड स्थित संकल्प स्कूल के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे कैंटर ने रौंद डाला। हादसे में पत्नी खुशबू शर्मा उम्र 24 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही चौकी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को एंबुलेंस से पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घायल पति को भी पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसे की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ने लगे। पुलिस ने वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

## घरेलू क्लेश में मारपीट चार पर रिपोर्ट

रामपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायन नगला निवासी प्रीति ने कोतवाली में तहरीर देकर लिखा कि घर में उसकी जेठानी कस्तूरी, अभिषेक, मुस्कान और जसवंत घरेलू विवाद और खर्च को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी।जिसमें वह घायल हो गई।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर कई मकान की छत पर गिरा,टला हादसा

मुरादाबाद। नगर के मोहल्ला ख्वाजा नगर में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई ,जब 33 केवी हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर कई मकानों की छतों पर जा गिरा। तार गिरते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान कुछ लोगों को करंट के हल्के झटके भी लगे लेकिन राहत की बात रही कि कोई जनहानि या बड़ा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार हाईटेंशन लाइन का तार करीब आधा दर्जन मकानों की छतों पर गिरा जिससे लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। करीब तीन घंटे तक क्षेत्र की बिजली पूरी तरह बाधित रही। कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य के बाद आपूर्ति बहाल की। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस 33 केवी लाइन की शिफ्टिंग की मांग कई वर्षों से की जा रही है। इसके लिए विभागीय स्तर पर एस्टीमेट भी स्वी त हो चुका है, लेकिन अब तक शिफ्टिंग का कार्य शुरू नहीं किया गया।

लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण क्षेत्रवासी लगातार खतरे के साये में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्व में भी इसी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद विभाग ने अब तक स्थायी समाधान नहीं किया है जिससे लोगों में नाराजगी है। इस मामले में एसडीओ अजय चौरसिया ने कहा कि 33 केवी लाइन का तार टूटने के कारण करीब दो से ढाई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। अभी चार्ज संभाला है ,लाइन शिफ्टिंग की जानकारी फिलहाल नहीं है। मामले की जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता सूची में डबल नाम होने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद। मतदाता सूची में डबल नाम कराने पर दो आरोपियों के खिलाफ शनिवार को थाना डिलारी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विधानसभा कांठ की मतदाता सूची में सत्यापन के दौरान गांव काजीपुरा में दो मामले सामने आने पर उप जिला अधिकारी के निर्देश पर कानूनगो करतार सिंह ने आरोपी सादिक अली, और रियाजुल हसन के खिलाफ थाना डिलारी में मुकदमा दर्ज कराया। विशेष गहन, पुन निरीक्षण अभियान के दौरान मतदाता सूची में फार्म नंबर 6 के माध्यम से दोबारा नाम दर्ज कराने के लिए फर्जी तरीके से जानबूझकर आवेदन किये गए, जिस पर प्रशासन ने सख्त कार्यवाही करते हुए दोनों के खिलाफ थाना डिलारी में मुकदमे दर्ज कराये हैं।

# पानी से भरी बाल्टी में गिरने से मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

मुरादाबाद। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी एक मासूम बच्ची की ननिहाल में बाल्टी में गिरने से मौत हो गई। घटना से दोनों परिवारों में मातम छा गया। मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी नदीम की पत्नी गुलिस्ता चार दिन पहले अपने बच्चों संग मुरादाबाद के जयंतीपुर स्थित मायके गई थीं।

बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे एक वर्षीय आयत घर में खेलते-खेलते बाथरूम में पहुंच गई। परिजनों के मुताबिक बाथरूम में रखी छोटी बाल्टी में वह मुंह के बल गिर गई, जिससे उसका चेहरा पानी में डूब गया, जब तक परिजनों की नजर उस पर पड़ी, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। हादसे की सूचना मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई।

खबर मिलते ही कुंदरकी से ससुराल के लोग भी आयत की ननिहाल पहुंच गए। आयत चार भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। बड़े भाई अली (5), बहन अनाविया (4) और हीबा (3) की वह सबसे लाडली बहन थी। घर की सबसे छोटी और चहेती होने के कारण उसकी असमय मौत से परिवार सदमे में है। मां गुलिस्ता का रो-रोकर बुरा हाल है। दोपहर बाद मासूम आयत के शव को कुंदरकी लाकर नगर के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोप

मुरादाबाद। नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर भोजपुर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना भोजपुर क्षेत्र के रसूलपुर नगला खेम निवासी एक महिला ने बताया कि वह पिछले करीब छह माह से भोजपुर क्षेत्र में किराये के मकान में रह रही है। आर्थिक तंगी के चलते वह नौकरी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान करीब चार माह पहले उसकी मुलाकात देवापुर मिलक शंभू वाली कटघर निवासी एजेंट अली पुत्र मकसूद अली से हुई। आरोप है कि एजेंट अली ने आर्थिक मदद करने और नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उससे नजदीकी बढ़ा ली तथा उसके कमरे पर आने-जाने लगा।

पीड़िता का आरोप है कि करीब दो माह पहले एजेंट अली अपने साथ एक अज्ञात व्यक्ति को उसके कमरे पर लेकर आया। कुछ देर बाद दोनों ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। विरोध करने पर एजेंट अली ने उसके साथ मारपीट की और अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोप है कि घटना के दौरान अज्ञात आरोपी ने अश्लील वीडियो भी बना लिया और शिकायत करने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देने तथा उसकी और उसकी दो वर्षीय बेटी की जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि धमकियों और बदनामी के डर से वह तत्काल शिकायत नहीं कर सकी। बाद में जानकारी मिली कि आरोपी एजेंट अली किसी अन्य मुकदमे में थाना कटघर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर भोजपुर थाने पहुंचकर तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की।

भोजपुर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर एजेंट अली तथा एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि मामले की निष्पक्ष विवेचना की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न,पति समेत छह ससुरालियों पर मुकदमा

मुरादाबाद। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट, उत्पीड़न और अश्लील हरकत करने के आरोप में पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नगर के मोहल्ला होलिका मंदिर निवासी विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 20 फरवरी 2025 को जसपुर निवासी शिवम कुमार के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति शिवम कुमार, ससुर देवेंद्र सिंह, सास आशा, देवर कपिल, रितिक तथा भाभी पूनम ने पांच लाख रुपये नकद और एक वैगनआर कार की मांग शुरू कर दी।

मांग पूरी न होने पर उसके साथ शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। विवाहिता का आरोप है कि उसका देवर रितिक उस पर गलत नजर रखता था इसकी शिकायत पति और अन्य परिजनों से करने पर उन्होंने कार्रवाई करने के बजाय उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, 26 सितंबर 2025 को उसके मायके पक्ष के लोग समझौते के लिए ससुराल पहुंचे, लेकिन वहां भी उनके साथ अभद्रता कर घर से निकाल दिया गया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि 25 मई 2026 की शाम पति और अन्य ससुराली उसके मायके पहुंचे और दहेज की मांग दोहराते हुए उसके साथ मारपीट की। इस दौरान देवर पर अश्लील हरकत करने का भी आरोप लगाया गया है। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों और आसपास के लोगों ने उसे बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# छजलैट में घर से उठाकर तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला

मुरादाबाद। क्षेत्र के गांव असगरीपुर में तेंदुए ने किसान के घर से बछड़ा उठाकर गन्ने के खेत में ले जाकर निवाला बना लिया। तेंदुए का आमद से ग्रामीणों में दहशत है। असगरीपुर निवासी किसान गुड्डू शर्मा उर्फ श्री राम शर्मा के घर के अंदर गाय और बछड़ा बंधा हुआ था। देर रात 1:00 बजे के करीब तेंदुआ घर में घुसा और बछड़े को उठाकर ले गया। किसान ने पीछा किया लेकिन तब तक वह है बछड़े को लेकर गन्ने के खेत में घुस गया। सुबह जब तलाश की बछड़ा मृत मिला। किसान का कहना है कि वन विभाग को सूचना दे दी गई, इससे पहले भी कई बार तेंदुआ पशुओं को निवाला बन चुका है। तेंदुआ के आतंक से सारे क्षेत्र में दहशत है।

# संदिग्ध हालात में किसान की मौत

मुरादाबाद। थाना क्षेत्र के गांव जेतपुर पट्टी में एक किसान की खेत पर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव जेतपुर पट्टी निवासी बब्बू सैनी (38) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बब्बू सैनी शनिवार सुबह घर से मंडी जाने की बात कहकर निकले थे। रास्ते में वह अपने खेत पर पहुंच गए। दोपहर के समय कुछ ग्रामीण खेत पर नहाने के लिए पहुंचे तो उन्होंने बब्बू सैनी को खेत में अचेत अवस्था में पड़ा देखा, जिसको उठाकर लोग चिकित्सक के पास पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो सकेगी।

# सड़क हादसे में टीएमयू के दो छात्रों की मौत

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। बिहार के सहरसा जिले के पत्थरघाट निवासी ओम प्रकाश और प्रिंस टीएमयू में बीएससी एग्रीकल्चर के छात्र थे। रविवार सुबह दोनों किसी काम से शहर की ओर गए थे और वापस लौटते समय दिल्ली रोड स्थित गोल चक्कर के पास उनकी बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# विरोध प्रदर्शन में नाम जोड़ने पर छात्र ने कमिश्नर से की निष्पक्ष जांच की मांग

मुरादाबाद। केजीके कॉलेज के छात्र सचिन चौधरी ने कमिश्नर को प्रार्थना-पत्र सौंपा, जिसमें दो जुलाई को गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी से जुड़े विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। छात्र का कहना है कि वह उक्त प्रदर्शन में शामिल नहीं था और न ही उसने किसी प्रकार का नारा लगाया, इसके बावजूद एक ट्रस्ट द्वारा दिए गए ज्ञापन में उसका नाम शामिल कर दिया गया। छात्र ने कमिश्नर से मांग की है कि ऑडियो, वीडियो, सीसीटीवी फुटेज सहित सभी उपलब्ध साक्ष्यों की स्वतंत्र जांच कराई जाए, जांच पूरी होने तक उसके विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए तथा यदि उसका नाम दुर्भावनापूर्ण ढंग से जोड़ा गया हो तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

बता दे कि प्रदर्शन में गुरु जम्भेश्वर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, जिसमें विश्नोई समाज ने प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। उन्होंने एसएसपी को ज्ञापन भी सौंपा था। छात्र ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करके भी अपना पक्ष रखा है।

# रास्ते में रोककर युवक से मारपीट, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद। दूध देने जा रहे एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने के आरोप में पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूपपुर टंडोला निवासी हरिओम पुत्र टीकाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 जून 2026 को उनका पुत्र जतिन कुमार घर से डेयरी पर दूध देने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही सुशील पुत्र भजन सिंह ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जतिन के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद। थाना भगतपुर के एक गांव निवासी एक महिला ने कुछ आरोपियों पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। इस मामले में भगतपुर पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। महिला के अनुसार उसकी पुत्री का एक युवक से प्रेम संबंध था और इसी को लेकर दोनों परिवारों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। इस विवाद के चलते पूर्व में भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।महिला ने आरोप लगाया कि शुक्रवार देर रात एक कार से आए युवक ने उसकी पुत्री को मोबाइल फोन कर घर के बाहर बुलाया और अपने साथ ले गया। महिला का आरोप है कि जब वह नीचे पहुंची तो कार जा चुकी थी व इसके बाद घर के कमरे में जाकर देखा तो अलमारी और संदूक खुले पड़े थे तथा सामान बिखरा हुआ था।

महिला का आरोप है कि वहां रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी भी गायब थी। महिला ने आरोपी युवक समेत उसके परिजनों और रिश्तेदारों पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

# हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट से घर में दौड़ा करंट,तीन झूलसे

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र की एकता कश्यलोनी में शुक्रवार देर रात हाईटेंशन बिजली लाइन में आए फॉल्ट से एक बड़ा हादसा हो गया। घर के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन में अचानक खराबी आने से पूरे मकान की विद्युत वायरिंग में करंट दौड़ गया। हादसे में दंपती और उनका सात वर्षीय बेटा गंभीर रूप से झुलस गए। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। एकता नगर निवासी ओमपाल सिंह का परिवार गर्मी के कारण रात करीब साढ़े बारह बजे बिजली जाने पर छत पर सोने चला गया था। कुछ देर बाद बिजली आने पर उनकी पत्नी बबीता ने छत पर पंखा चलाने के लिए कहा। ओमपाल सिंह ने जैसे ही पंखे का प्लग लगाकर स्विच चालू किया, उसी समय घर के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में फश्वल्ट हो गया। इसके चलते पूरे घर की वायरिंग में करंट दौड़ गया और आग जैसी स्थिति बन गई। करंट की चपेट में आने से ओमपाल सिंह, उनकी पत्नी बबीता और सात वर्षीय पुत्र हर्षित बुरी तरह झुलस गए।चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तीनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी की शिकायत

मुरादाबाद। मंडलीय जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी किए जाने की शिकायत सीएमएस से की गई। एक युवक सीएमएस डॉ.प्रदीप वार्ष्णेय के पास पहुंचा और अपने साथ ठगी होने की शिकायत की। बताया कि गंभीर हालत के चलते अस्पताल में भर्ती अपने भाई का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पूछताछ की थी। ओपीडी में दवा काउंटर के पास मौजूद एक शख्स ने खुद को विभाग का कर्मचारी बताते हुए आयुष्मान कार्ड बनवाकर देने की बात कही और बीस हजार रुपए मांगे।

# गोकशी की झूठी सूचना पर मचा हड़कंप

मुरादाबाद। गोकशी की झूठी अफवाह फैलाने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। थाना डिलारी पुलिस ने गांव पहुंचकर दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। गांव नगला ताहर में ठेकेदार की निगरानी में उत्तराखंड हरिया वाला का विशाल और ठाकुरद्वारा का अब्दुल मजदूरी पर काम कर रहे थे, घटना शनिवार सुबह 11:00 बजे की है, किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया, जिस पर गोहत्या के केस में झूठा फंसाने के लिए विशाल ने फोन कर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बुला लिया, और गोहत्या की झूठी अफवाह फैला दी, जिस पर थाना डिलारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी विजेंद्र कुमार ने बताया कि मामला दोनों में पैसों के लेनदेन का है, इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। थाना प्रभारी डिलारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि गोहत्या की सूचना झूठी पाई गई। पुलिस दोनों पक्षों से देर शाम तक पूछताछ की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा की डीएम-एसएसपी ने की समीक्षा, दिए विभिन्न निर्देश

मुरादाबाद। आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया गया।

बैठक के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और श्रद्धालुओं को



किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी दिए गए।

# सऊदी अरब में फांसी पर लटका मिला ठाकुरद्वारा का युवक

मुरादाबाद। नगर निवासी युवक संदिग्ध हालात में सऊदी अरब में फांसी पर लटक मिला सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 22 निवासी सुभान मंसूरी 22 पुत्र वाजिद अली सीसीटीवी कैमरा लगाने वाली कंपनी के ठेकेदार के पास मजदूरी करने के लिए 22 अक्तूबर को गया था। शनिवार की सुबह लगभग 10:30 बजे परिवार वालों से उसकी मोबाइल फोन पर बातचीत हुई और शाम 4:48 पर परिवार को मैसेज मिला कि सुभान ने फांसी पर लटक कर जान दे दी है। परिवार के लोग फांसी पर लटकने की बात को गलत ठहरा रहे हैं और मामले की जांच की मांग कर रहे हैं।

बड़े भाई माजिद अली, मुकीम अली, अर्श हुसैन, अरशान और बहन शाइस्ता आदि ने कहा कि उनका भाई फांसी लगा ही नहीं सकता। वह काफी समझदार था और किसी भी विपरीत परिस्थिति में वह परेशान नहीं होता था। सभी परिवार के लोगों ने जांच की मांग की है।

# टीईटी परीक्षा के बाद स्टेशन रोड पर घंटों लगा जाम, उमस भरी गमी में लोग हुए बेहाल



मुरादाबाद। उमस भरी गर्मी के बीच शनिवार को टीईटी परीक्षा समाप्त होने के बाद स्टेशन रोड पर वाहनों का भारी दबाव देखने को मिला। अचानक बढ़े यातायात के कारण सड़क पर घंटों लंबा जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे लोग उमस और गर्मी से बेहाल हो गए। वाहनों की लंबी कतारें लगने से लोगों का समय भी बर्बाद हुआ और कई स्थानों पर यातायात पूरी तरह रेंगता नजर आया। पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारु कराने का प्रयास किया, लेकिन वाहनों की अधिक संख्या के कारण जाम देर तक बना रहा।

# व्यक्ति एक, वोटर दो जगह: 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज

## डीएम ने कहा सभी गलत घोषणा देने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

मुरादाबाद। जिले में गलत घोषणा देकर मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि कराने वाले 14 व्यक्तियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। डीएम ने बताया कि जांच में सामने आया कि इन सभी 14 व्यक्तियों के नाम पहले से ही डीएम, डॉ० राजेंद्र पेन्सिया। संबंधित मतदेय स्थल की मतदाता सूची में दर्ज थे। इसके बावजूद उन्होंने गलत एवं भ्रामक जानकारी देकर दूसरे मतदेय स्थल की मतदाता सूची में भी अपना नाम दर्ज करा लिया। आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरते समय आवेदक को यह घोषणा करनी होती है कि वह पहली बार मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर रहा है तथा उसका नाम किसी अन्य संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। साथ ही, मिथ्या जानकारी देने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कारावास और जुमार्ने का प्रावधान होने की जानकारी भी आवेदक को दी जाती है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद गलत घोषणा कर दोहरी प्रविष्टि कराना कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी मतदाताओं से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति का नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज है तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत जहां आवश्यकता नहीं है, वहां से अपना नाम स्वयं हटवा दें, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित बनाई जा सके।

# भट्ठे पर मजदूरी की रकम लेने गया युवक लापता

मुरादाबाद। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव मिलक बूजपुर आशा निवासी पिता ने अपने पुत्र के लापता होने और ईंट भट्ठा स्वामी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र सौंपा है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनका बेटा फईम भट्ठे पर मजदूरी करता था जिसके करीब 60 हजार रुपये मजदूरी के बकाया थे। आरोप है कि 30 जून को फईम बकाया पैसे लेने भट्ठे पर गया था, आरोप है कि जहां भट्ठा मालिक ने उसके साथ गाली-गलौज के करते मारपीट की और मोटरसाइकिल छीन कर उसे बंधक बनाकर रखा। परिजनों का कहना है कि 1 जुलाई को फईम ने घर फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी थी ,जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि मजदूरी के रुपये हड़पने की नीयत से उसके बेटे के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने शिकायत पत्र देकर बेटे की बरामदगी और जांच की मांग की है।

# रेलवे स्टेशन परिसर से दो मोबाइल चोर गिरफ्तार, आईफोन व सैमसंग मोबाइल बरामद

मुरादाबाद। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन परिसर में चेकिंग व गश्त के दौरान दे शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक आईफोन सहित तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला के निर्देश पर में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ के नेतृत्व में जीआरपी व सीआईबी विंग की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दे अभियुक्तों को दबोचा, जिनकी पहचान वरुण उर्फ बिट्टू निवासी कटघर बरवलान थाना कटघर उम्र करीब 28 वर्ष व विशांत निवासी सिम्मन हजारी कटघर थाना कटघर उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से वरुण उर्फ बिट्टू से एक, ढँङ्गल्ली तथा विशांत से दे सैमसंग मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 32,000 रुपये



बताई गई है। पुलिस ने बताया कि देनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिनके विरुद्ध पूर्व में भी मामले दर्ज हैं।

# ताजपुर माफी में ट्रांसफार्मर खराब होने से गुल रही बिजली

मुरादाबाद। ताजपुर माफी क्षेत्र में रविवार सुबह ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी और उमस के बीच पूरे इलाके में बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। गर्मी के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है और दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि करीब दोपहर 2 बजे बिजली आपूर्ति चालू, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# ट्रांसफार्मर में खराबी से रातभर गुल रही बिजली ,लोग रहे परेशान

मुरादाबाद। नगर के वार्ड संख्या 5 और 9 में बिजली कट से रातभर लोग परेशान रहे। गर्मी और उमस के बीच लोगों की नींद हराम हो गई। कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति फिर से शुरू नहीं हो सकी। लोग विद्युत विभाग से नाराज हैं और जल्दी मरम्मत की मांग कर रहे हैं।

नगर के वार्ड संख्या 5, बड़ा बाजार तथा वार्ड संख्या 9 के मोहल्ला पीपलटोला में देर रात से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली कट से कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। रातभर बिजली गुल रहने से गर्मी और उमस के बीच लोगों की नींद हराम हो गई। इनवर्टर भी जवाब दे गए, वहीं पेयजल के साथ-साथ सुबह के दैनिक कार्य भी प्रभावित हुए। लंबे समय तक बिजली नहीं आने से स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि क्षेत्र के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई है।

कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य शुरू किया। उधर क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि मरम्मत कार्य जल्द पूरा कर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्मी से लोगों को राहत मिल सके।

# अचानक तबियत बिगड़ने से युवती की मौत

मुरादाबाद। थाना क्षेत्र के गांव चकफाजलपुर में रविवार दोपहर एक युवती की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि युवती का रिश्ता तय हो चुका था और कुछ समय बाद उसकी शादी होने वाली थी। शादी की तैयारियों के बीच हुई इस घटना ने परिवार की खुशियों छीन ली। मृतका के भाई ने बताया कि वह छह बहनों और दो भाइयों में सबसे छोटी थी। रविवार दोपहर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। युवती की असमय मौत से मां, बहनों और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव,दहेज हत्या का मुकदमा

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के मामले में मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। इसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले के थाना छजलैट के गांव मुंडाला मोहम्मद जमापुर निवासी सुनील कुमार ने अपनी बेटी स्मिता की शादी 16 अप्रैल 2025 को मझोला थाना क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर निवासी सुरजीत सागर के साथ की थी। आरोप है कि दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष के लोग पति सुरजीत, सास सावित्री, ससुर सुरेश, ननद प्रियांशी, देवर दीपांशु व नंदोई सुशील कुमार अतिरिक्त रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित करते थे। इस दौरान कई बार महिला के साथ मारपीट भी की गई और मानसिक रूप से भी परेशान किया जाता रहा। बीते शुक्रवार की रात मायके वालों को सूचना मिली कि स्मिता की मौत हो गई है। मायके वाले ससुराल पहुंचे तो स्मिता फंखे पर लटकी हुई थी। पिता का आरोप है कि मारपीट कर हत्या की गई और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके शव को पंखे से लटका दिया गया, जबकि उसके पैर बेड पर टिके हुए थे। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका के पति सुरसीत सागर को गिरफ्तार कर लिया है।

# चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी पकड़ा

रामपुर। भोट के नवादा गांव में आमिर अली ने मेले में अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोर ने बाइक को बैरमनगर गांव से चुराया और बाद में बाइक को नरखेड़ा गांव से बरामद किया गया। आरोपी सलीम, जो अजीमनगर थाना क्षेत्र का निवासी है, को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को थाना क्षेत्र के नवादा गांव के रहने वाले आमिर अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह थाना क्षेत्र के ही बैरमनगर गांव में मेला देखने गया था। इस दौरान मेले में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। देर रात बाइक को नरखेड़ा गांव के पास ही स्थित मिलाप मैरीज हाल से बरामद कर लिया। टीम ने मौके से बाइक चोरी के आरोपी अजीमनगर थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव निवासी सलीम को भी गिरफ्तार कर लिया।

**समाचार-सूत्र**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक **ज़ाहिद हुसैन** के लिए **"समाचार-सूत्र"** हि.सा. **ए.एच. प्रिन्टर्स** लगड़े की पुलिया असालतपुरा निकट पुराना हाता मुरादाबाद में छपवाकर
**कार्यालयः-**
रामपुर दौराहा बरवाला का मझरा मुरादाबाद से वितरित।
सम्पादक : **ज़ाहिद हुसैन**
मोबा:- 9368293483
email:Samacharsutranews@gmail.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०बी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।